## बरोटीवाला कॉलेज में राज्य स्तरीय एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# डिक्लेमेशन में अमृता व पोस्टर मेकिंग में चेतन अव्वल

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बरोटीवाला




राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में रेड रिबन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'डिफरेंट कॉन्टेक्ट्स कॉमन एस्पिरशंस' रहा। कार्यक्रम में डॉ. गगन राजहंस, डॉ. शशि व डॉ. अंजना सूद ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से बचाव, जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया तथा एचआईवी से जुड़े भेदभाव और भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया। डॉ. गगन राजहंस ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही इसके संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे एचआईवी से संबंधित भ्रांतियों और सामाजिक भेदभाव को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैश मॉब प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने जागरूकता की शपथ लेकर एचआईवी/एड्स के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान डिक्लेमेशन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में अमृता ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा सलोनी ने तृतीय स्थान। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चेतन ने प्रथम, शिवानी तिवारी ने द्वितीय तथा मुस्कान बीकॉम प्रथम वर्ष व मुस्कान बीकॉम द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

CMYK

# डिबेट में अमृता व पोस्टर मेकिंग में चेतना अव्वल



बरोटीवाला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। स्रोत- कॉलेज।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बरोटीवाला (सोलन)। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में रेड रिबन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय एचआईवी, एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय डिफरेंट कॉन्टेक्ट्स कॉमन एस्पिरेशंस रहा।

कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में अमृता ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चेतन ने प्रथम, शिवानी तिवारी ने द्वितीय तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की मुस्कान और बीकॉम द्वितीय मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. गगन, डॉ. शशि एवं डॉ. अंजना सूद ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी, एड्स से बचाव, जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया तथा एचआईवी से जुड़े भेदभाव और भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. गगन ने कहा कि एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही इसके संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे एचआईवी से संबंधित भ्रांतियों और सामाजिक भेदभाव को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा स्वयं जागरूक बनकर समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैश मॉब प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने जागरूकता की शपथ लेकर एचआईवी, एड्स के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

अंत में प्राचार्य ने डॉ. गगन, डॉ. शशि एवं डॉ. अंजना सूद का कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने तथा अपना बहुमूल्य समय देने के लिए हार्दिक आभार जताया। संवाद








RED RIBBON CLUB


Google
Barotiwala, Himach
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himach
Lat 30.912506° Long 76.8299
Wednesday, 26/08/2026 11:3


RED RIBBON CLUB
GPS Ma
Google
Barotiwala, Himachal Prade
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 1
India
Lat 30.912659° Long 76.829974°
Wednesday, 26/08/2026 11:54 AM GMT +0


SAY NO TO AIDS
GPS
Barotiwala, Himachal Prades
India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 1741
Lat 30.912496° Long 76.829999°
Wednesday, 26/08/2026 12:08 PM GMT +05:3


RED RIBBON CLUB
Government College Barotiwala
DECLAMATION AND POSTER MAKING COMPETITION
INTERNATIONAL YOUTH DAY-2026
Toll Free AIDS Helpline Number 1097
GPS
Barotiwala, Himachal Pradesh
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 1741
Lat 30.912583° Long 76.829988°
Wednesday, 26/08/2026 12:14 PM GMT +05:3


GPS Map Ca
Barotiwala, Himachal Pradesh
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 17410
India
Lat 30.912594° Long 76.830068°
Wednesday, 26/08/2026 12:33 PM GMT +05:3


GPS Map Camera
Barotiwala, Himachal Pradesh,
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103,
India
Lat 30.912629° Long 76.830001°
Wednesday, 26/08/2026 12:31 PM GMT +05:30


RED RIBBON CLUB
GPS
Barotiwala, Himachal Pradesh
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 1741
Lat 30.91255° Long 76.829882°
Wednesday, 26/08/2026 12:29 PM GMT +05:3


GPS
Barotiwala, Himachal Pradesh
India
Wr7h+2q7, Barotiwala, Himachal Pradesh 1741
Lat 30.912591° Long 76.829907°
Wednesday, 26/08/2026 12:37 PM GMT +05:3

# एड्स के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया

बरोटीवाला, 26 अगस्त (पुष्पिंदर): डिग्री कालेज बरोटीवाला में बुधवार को रैड रिबन क्लब द्वारा राज्य स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. गगन सी.एम.ओ. कार्यालय एवं डा. अंजना शर्मा आई.सी.टी.सी. काऊंसलर विशिष्टातिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एच.आई.वी. एड्स से बचाव, जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया तथा एच.आई.वी. से जुड़े भेदभाव और भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया।

डा. गगन ने कहा कि जागरूकता और सही जानकारी ही संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैश मॉब प्रस्तुत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों एवं उपस्थित सदस्यों ने जागरूकता की शपथ लेकर एड्स के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान डिक्लेमेशन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। डिक्लेमेशन में अमृता प्रथम, निशा द्वितीय तथा सलोनी तृतीय, पोस्टर मेकिंग में चेतन प्रथम, शिवानी तिवारी द्वितीय तथा मुस्कान और मुस्कान तृतीय रही।



*बी.बी.एन. : बरोटीवाला कालेज में एड्स के प्रति जागरूकता की शपथ लेते विद्यार्थी व स्टाफ।* *(ठाकुर)*